दिन– मंगलवार दिनांक– 10/06/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य निर्वाचन आयोग ने दो हजार छह सौ चौंतीस पदों के लिए होने वाले पंचायत उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। तेरह जून को जारी होगी अधिसूचना।

02. नकदी रहित उपचार योजना दो हजार पच्चीस के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को अब डेढ़ लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी।

03. प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तेज गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने आज गोपालगंज और पूर्वी चम्पारण जिले में लू की चेतावनी जारी की।

04. और, राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बिहार रूरल लीग की हो रही है शुरूआत। रजिट्रेशन प्रक्रिया बीस जून तक चलेगी।

———————————————————

राज्य निर्वाचन आयोग ने विभिन्न पंचायतों के दो हजार छह सौ चौंतीस पदों के लिए होने वाले उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस संबंध में अधिसूचना तेरह जून को जारी की जायेगी। आयोग के अनुसार चौदह जून से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन पत्रों की जांच इक्कीस से तेईस जून तक की जायेगी। प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र चौबीस और पच्चीस जून को वापस ले सकेंगे। प्रत्याशियों की अंतिम सूची और चुनाव चिह्न का आवंटन छब्बीस जून को होगा। नौ जुलाई को मतदान होगा। मतों की गिनती ग्यारह जुलाई को होगी और चुनाव परिणाम उसी दिन जारी किया जायेगा। उपचुनाव में जिला परिषद सदस्य के आठ पद, मुखिया के तैंतीस, सरपंच के तिरासी, पंचायत समिति सदस्य के बहत्तर, ग्राम पंचायत सदस्य के आठ सौ उनतालीस और ग्राम कचहरी पंच के एक हजार पांच सौ उनहत्तर पद शामिल हैं।

———————————————————

सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को अब अस्पतालों में डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। केंद्र सरकार ने नकदी रहित उपचार स्कीम दो हजार पच्चीस की अधिसूचना जारी कर दी है। परिवहन सचिव संदीप कुमार आर. पुडकलकट्टी ने बताया कि इस योजना के लागू होने से सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को समय पर उचित इलाज मिल सकेगा। योजना के तहत चयनित अस्पतालों में सात दिनों तक कैशलेश इलाज की सुविधा मिलेगी। इस योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य सड़क

सुरक्षा परिषद को नोडल एजेंसी बनाया जायेगा। साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के अन्तर्गत चयनित अस्पतालों के बिल का भुगतान के लिए एक पोर्टल बनाया जा रहा है।

———————————————————————

एशियाई विकास बैंक, एडीबी ने राज्य के पांच स्टेट हाई–वे के निर्माण की मंजूरी दे दी है। इनमें बनगंगा–जेठियन–गहलौत–भिंडस, आरा–एकौना–सहार, छपरा–मांझी–दरौली–गुठनी, हथौरी–बभनगामा–अतरार और असरगंज–इंग्लिस मोड़–धोरैया सड़क शामिल हैं। बिहार राज्य पथ विकास निगम के अनुसार इस परियोजना पर अठारह सौ करोड़ रूपये खर्च होंगे। निगम के अनुसार पहली बार इन सड़कों के निर्माण के लिए अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर निविदा जारी की जायेगी।

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों पर भाजपा और जदयू ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही राहुल गांधी हार मान चुके हैं, उन्हें अब चुनाव नहीं लड़ना चाहिए।

———बाईट———

वहीं, भाजपा प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि राहुल गांधी अपनी और पार्टी की नाकामी का दोष चुनाव आयोग पर मढ़ रहे हैं।

———बाईट———

———————————————————————

नगर विकास और आवास मंत्री जीवेश कुमार ने कहा है कि पन्द्रह अगस्त को पटना में मेट्रो रेल सेवा की शुरूआत हो जायेगी। समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि प्रथम चरण के तहत पटना आईएसबीटी से खेमनीचक के बीच मेट्रो सेवा शुरू होगी।

———बाईट———

———————————————————————

पेंशन भुगतान आदेश, पीपीओ जारी हो जाने के बाद उसमें अतिरिक्त आश्रितों का नाम अब नहीं जुड़ेगा। वित्त विभाग के सचिव जय सिंह ने विभागों को निर्देश दिया है कि पीपीओ जारी होने के बाद उसमें अन्य आश्रित का नाम जोड़ने के लिए निर्धारित शर्तों को पूरा करने के बाद ही कोई आदेश जारी करें। उन्होंने कहा कि पेंशन से संबंधित मामलों में लापरवाही पर महालेखाकार की आपत्ति के बाद – वित्त विभाग ने यह व्यवस्था दी है।

————————————————————

भारत के पहले गगनयात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन–आईएसएस पर ले जाने वाले एक्सिओम–4 मिशन का प्रक्षेपण खराब मौसम के कारण स्थगित कर दिया गया है। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने बताया कि बताया कि यह अतंरिक्ष यान भारतीय समयानुसार कल शाम साढ़े पांच बजे केप कैनेवरल के कैनेडी स्पेस सेंटर से भेजा जाएगा।

————————————————————

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत आज से दो दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। श्री भागवत इस दौरान राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां से मुलाकात करेंगे। उनका पटना में कार्यकर्ताओं से मिलने का भी कार्यक्रम है।

————————————————————

देश में पिछले एक दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के तहत उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष फीचर प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देते हुए विकास प्रयासों का उल्लेख कर रहे हैं–

———कट———

————————————————————

प्रदेश का मौसम शुष्क बना हुआ है। तेज गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। इस अवधि के दौरान रोहतास का डेहरी बयालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार आज गोपालगंज और पूर्वी चम्पारण जिले में उष्ण लहर का येलो अलर्ट जारी किया है।

———बाईट———

मौसम विभाग ने कहा है कि कल से मौसम में बदलाव की सम्भावना है। इस दौरान दक्षिण और उत्तरी इलाकों में आंधी और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

————————————————————

पटना यातायात पुलिस द्वारा ट्रक चालकों से अवैध वसूली के मामले में एएसआई समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ अगमकुंआ थाना में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस

अधीक्षक यातायात अपराजित लोहान ने बताया कि मामले में संलिप्त अन्य पुलिस कर्मियों की पहचान की जा रही है।

---बाईट---

---

राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बिहार रूरल लीग की शुरूआत की जा रही है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने बताया कि इस लीग के लिए रजिट्रेशन की प्रक्रिया बीस जून तक चलेगी। इसमें तेरह से तेईस आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। श्री तिवारी ने बताया कि यह लीग उन नौजवान खिलाड़ियों के लिए समर्पित है, जिन्हें अब तक मुख्यधारा की क्रिकेट से जुड़ने का अवसर नहीं मिला है।

---

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर भारत संचार निगम लिमिटेड–बीएसएनएल के नाम पर केवाईसी से जुड़े फर्जी नोटिस को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया है। इस नोटिस में दावा किया गया है कि ग्राहक का केवाईसी भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण द्वारा निलंबित कर दिया गया है, और उसका सिम कार्ड चौबीस घंटे के भीतर ब्लॉक कर दिया जाएगा। पत्र सूचना कार्यालय – पीआईबी की फैक्ट चेक इकाई ने इस दावे को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि सरकारी स्वामित्व वाली बीएसएनएल कम्पनी कभी भी ऐसा कोई नोटिस नहीं भेजती है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने बिहार विधान परिषद की गोपनीय शाखा के कम्प्यूटर से डाटा चोरी के मामले को बड़ी खबर बनाते हुये लिखा है– विधान परिषद से डाटा चोरी में नौ कर्मी नामजद। प्राथमिकी में अवर सचिव भी आरोपित।

दैनिक जागरण लिखता है– राज्य में बनेगी साईबर सुरक्षा और एंटी नारकोटिक ब्यूरो की इकाई।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– विधानसभा चुनाव की तैयारी, प्रवासी वोटरों को ऑनलाईन वोटिंग की अनुमति पर मंथन।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– बख्तियारपुर प्रखंड के लखनपुरा में गंगा की पुरानी धारा को लौटाने का काम बरसात से पहले पूरा करें।

आज अखबार की सुर्खी है– आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल हुये धोनी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य निर्वाचन आयोग ने दो हजार छह सौ चौंतीस पदों के लिए होने वाले पंचायत उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। तेरह जून को जारी होगी अधिसूचना।

02. नकदी रहित उपचार योजना दो हजार पच्चीस के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को अब डेढ़ लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी।

03. प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तेज गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने आज गोपालगंज और पूर्वी चम्पारण जिले में लू की चेतावनी जारी की।

04. और, राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बिहार रूरल लीग की हो रही है शुरूआत। रजिट्रेशन प्रक्रिया बीस जून तक चलेगी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।